**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,**
**केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)**
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
**Email- govtgirlspgcollege@gmail.com** **Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in**
**College Code : 1602** **AISHE Code : C-21647**

**दुर्ग, दिनांक : 30/10/2025**

## // प्रेस विज्ञप्ति //
## सेक्टर स्तरीय व्हॉलीबॉल में कन्या महाविद्यालय विजेता

शैल देवी महाविद्यालय अण्डा द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. द्वारा प्रायोजित सेक्टर स्तरीय महिला व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुनः विजेता बना। इस प्रतियोगिता में 7 टीमों ने हिस्सा लिया।

शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग को पिछले वर्ष की विजेता टीम होने के कारण प्रथम चक्र में बाई मिली, क्वाटर फाईनल में महाविद्यालय ने शासकीय नवीन महाविद्यालय बेरला को 25–18, 20–25, 25–11 से परास्त किया। फाईनल में कल्याण महाविद्यालय भिलाई सेक्टर–7 को सीधे सेटों में 25–15, 25–12 से परास्त कर पुनः विजेता होने का गौरव हासिल किया। महाविद्यालय की दीप्ति राठौर, कोमल सिंह, रेणुका, भोमिता साहू, प्रिया साव ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय की टीम इस प्रकार थी- दीप्ति राठौर–कप्तान, कोमल सिंह, भोमिता साहू, रेणुका, प्रिया साव, नीरजरा तांडी, मनस्वी निर्मलकर, मानसी सिंह ठाकुर, चंचल यादव, मानश्री मौर्या, नंदनी नायक थे। टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे प्रशिक्षक श्री विजय चन्द्राकर थे।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि पर शुभकामना देते हुए अगले वर्ष के लिये अभी से मेहनत करने की बात कही, महाविद्यालय क्रीड़ा समिति संयोजक डॉ. सुषमा यादव, सदस्य श्री गणेश नायक, श्री दीपक ठाकुर, डॉ. रेशमा लाकेश, खुश्बू साहू एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्राचार्य
शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

# शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)




